भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 916

03 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

रोगाणुरोधी प्रतिरोध

916. श्री एस. निरंजन रेड्डी:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) रोगाणुरोधी प्रतिरोध पर अद्यतन राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपी-एएमआर) 2.0 कब शुरू की जाएगी और इसके कार्यान्वयन में किसी भी देरी के क्या कारण हैं;

(ख) क्या सरकार रोगाणुरोधी प्रतिरोध से निपटने के लिए एक समर्पित कोष स्थापित करने की योजना बना रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार रोगाणुरोधी प्रतिरोध से निपटने के लिए एक एकीकृत मंच बनाने का इरादा रखती है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): रोगाणुरोधी प्रतिरोध पर राष्ट्रीय कार्य योजना(एनएपी-एएमआर) 2.0 का मसौदा सम्पूर्ण सरकारी दृष्टिकोण के साथ 17 मंत्रालयों और विभागों के परामर्श से तैयार किया गया है। अद्यतन एनएपी-एएमआर वर्तमान में मसौदा स्तर पर है।

(ख): जी नहीं, ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है, क्योंकि हितधारक विभागों और मंत्रालयों के पास जहां भी लागू हो, मौजूदा कार्यक्रमों के साथ एकीकरण सहित समर्पित बजटीय कार्यकलाप योजना है।

(ग): एनएपी एएमआर 2.0 के अंतर्गत हितधारक मंत्रालयों के विभागों में रोगाणुरोधी प्रतिरोध के लिए विभिन्न कार्यकलापों के कार्यान्वयन और मंत्रालयों के बीच अंत: क्षेत्रीय समन्वय के लिए समन्वय तंत्र शामिल किए गए हैं।

******